तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 23 जून 2025

12 युक्ति युक्तकरण के विरोध में 25 जून को...

13 सेनानी ग्राम रावन में 300 ने किया सामूहिक ...




CAN'T HIDE THAT'S PRIDE
शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार
प्रवेश प्रारम्भ
के.जी.1 से 12वीं
(साईन्स, आर्ट्स, कामर्स, कृषि विज्ञान)
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
शाश्वत में आइये और टॉपर बन जाइये...
लुभी साहू
कक्षा 12वीं
97%
छत्तीसगढ़ टॉप टेन में 4था स्थान प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई

| सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन | |
|---|---|
| भौतिक शास्त्र | 100 अंक |
| जीवविज्ञान | 100 अंक |
| रसायन शास्त्र | 97 अंक |
| हिन्दी | 96 अंक |
| अंग्रेजी | 92 अंक |



प्रिंसी वर्मा 97% सतीश रॉय 96.3% वसुंधरा 96.1% तुषार 95.3% तनु साहू 94.6% हिमानी 94.5% मानसी कुर्रे 93%
अनीषा ध्रुव 92% सायरा चतुर्वेदी 91.8% कृषिका फेकर 91% पायल साहू 91% वंदना देवांगन 90.8% कनिष्का यादव 90.8% माही सोनी 90.3%
नि:शुल्क वाहन सुविधा - लोकल बलौदाबाजार, लटुवा, रिसदा, कुकुर्दी, बम्हनमुड़ी संपर्क : 9111002360, 9111002362, 6268089459


# फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवको के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.

इच्छुक छात्र आवेदन करें
फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बुजुर्ग घायल

**महासमुंद।** ट्रक की टक्कर से बाइक चला रहे एक बुजुर्ग को चोटें हैं। जिन्हें रायपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने बताया कि 17 जून की सुबह 10:30 बजे चंदूलाल साहू ( 65 साल) निवासी इमलीभाठा महासमुंद, अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 डीजेड 0127 से बिरकोनी जा रहे थे। एनएच 53 बरबसपुर मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीजी 8977 के चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है, जिन्हे उपचार हेतु रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम कोना में गाली देने से मना करने पर मारपीट की घटना हो गई। कोतवाली पुलिस को महेंद्र कुमार चंद्राकर ग्राम कोना ने बताया कि 21 जून की शाम लगभग 5 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था, उसी समय प्रियांशु पटेल गाली गलौज करते हुए जा रहा था जिसे उसने मना किया। तब आरोपी प्रियांशु पटेल ने तुम कौन होते हो मना करने वाले कहते हुए गाली देते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट की, जिससे उसके सिर और दाहिने आंख के पास चोट लगी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद के चलते हुई मारपीट की घटना में तुमगांव थाने में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी धनुष निवासी ग्राम कुकराडीह ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर बात करने अपने रिश्तेदार गंगु दीवान के पास गया था। वहां से वापस आने के दौरान गांव के दुर्गा चौक के पास शाम करीबन 7 बजे गंगू दीवान का लड़का गौरव दीवान आया और गाली गुप्तार करते हुए मारपीट किया। मामले में आरोपी के खिलाफ 115(2), 296 के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में एक की मौत

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामला सिंघोड़ा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि नंदलाल डडसेना निवासी तिहारीपाली ने रिपोर्ट लिखाई है कि उसका भाई श्यामलाल डडसेना पिता कृष्णो डडसेना (45 वर्ष)तिहारीपाली अपनी बाइक से परसकोल से ग्राम तिहारीपाली आ रहा था। गोविंद रोड तिहारीपाली के पास पहुंचने पर पीछे से एक मोटर साइकिल के चालक ने पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

हादसा : आग ने लिया विकराल रूप, धान और चावल के भरे गोदाम जलकर खाक



# गणेश राइस मिल में लगी भीषण आग, करोड़ों का हुआ नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के ग्राम लाहोद स्थित गणेश राइस मिल में शुक्रवार रात भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई। रात लगभग 11:30 बजे मिल परिसर में अचानक आग लग गई, जिसने विकराल रूप ले लिया। मिल में भारी मात्रा में धान भरा हुआ था, जो आग की चपेट में आ गया। आग इतनी भयावह थी कि उसकी लपटें आसमान तक पहुंच रहीं थीं और चारों ओर धुएं का गुबार छा गया। स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया।


- आग ने लिया विकराल रूप, धान और चावल के भरे गोदाम जलकर खाक

मिल संचालक सपन केसरवानी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मिल में बड़ी मात्रा मे धान, चावल एवं बरसाना बोरा संग्रहित था, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग करोड़ो रुपये बताई जा रही है। आग लगने से मिल के गोदाम, मशीनें, छत और अन्य संरचनाएं भी बुरी तरह प्रभावित हुईं। दमकल विभाग की 4 गाड़ियों को आग बुझाने में लगाया गया। लेकिन आग इतनी विकराल थी कि उस पर पूरी तरह काबू पाने में दमकल की गाड़ियों को पानी भरने के लिए 14 ट्रिप और 10 घंटे से अधिक का समय लग गया। रेस्क्यू कार्य रात 1 बजे शुरू हो पाया, जब बलौदाबाजार फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ी, सीमेंट संयंत्र की एक गाड़ी एवं कसडोल से एक गाड़ी मौके पर पहुंची।

### शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है आग लगने का कारण

शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि प्रशासन ने विस्तृत जांच के आदेश दे दिए हैं। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन बड़े पैमाने पर आर्थिक क्षति हुई है।



### समय रहते आग पर पाया गया काबू : अधिकारी

अधिकारियों ने बताया कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह आग आसपास के अन्य स्थानों तक फैल सकती थी। फायर ब्रिगेड, लवन पुलिस एवं प्रशासनिक अमले ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई। बलौदा बाजार जिला मुख्यालय मे बढ़ती आगजनी की घटनाओं को देखते हुए दमकल वाहनों की संख्या बढ़ाए जाने की आवश्यकता हैं, वर्तमान मे जिला मुख्यालय मात्र दो दमकल वाहनों के भरोसे हैं।

# खम्हरिया स्कूल में 92 बच्चों के लिए केवल एक शिक्षिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

विकासखण्ड बिलाईगढ़ अन्तर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय खम्हरिया में बच्चों के दर्ज संख्या 92 के लिए वर्तमान में केवल एक शिक्षिका रजनी बंजारे पदस्थ है। बच्चों के पालकों एवं प्रबंधन समिति के सदस्यों अनेकों बार शिक्षकों के मांग के लिए उच्च अधिकारियों को लिखित रुप से अवगत कराया गया था। आज पर्यन्त तक शासन प्रशासन शिक्षक की मांग को पूरा नहीं किया गया। जिससे पालको एवं समिति के सदस्यों मे नाराजगी देखा गया है। ▶▶ शेष पेज 13 पर




### नियुक्त करेंगे

प्रधानपाठक वर्तमान में सस्पेंड हैं, वे बहाल होगा? और युक्तियुक्तकरण का कार्य अभी चल रहा है। उसके तहत वहां के लिए कोई शिक्षक नियुक्ति की जाएगी।

-एसएन साहू
विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़

# पुलिस की दो बड़ी कार्रवाई, अवैध शराब परिवहन करते चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

पुलिस थाना खरोरा के सफल मार्गदर्शन मे 19 जून को पेट्रोल पंप के सामने मोहरेंगा में अवैध शराब बिक्री हेतू परिवहन करते ग्राम मूरा के चार आरोपी रंगे हाथ पकड़े गए। जानकारी से 19 जून को सागर सारंग पिता चम्मन सारंग उम्र 20 वर्ष साकिन मूरा, मनीष कोसले उम्र 19 वर्ष साकिन मूरा द्वारा 50 पौवा देशी मदिरा शोले मात्रा 9.000 बल्क लीटर जिसकी कीमत 5000 रु एवं एक एक्टिवा काला कलर क्रमॉक सीजी 04 पीजेड 6455 जिसका कीमत 30000 रु कीमती 35000 रु है । मामले में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

- मोहरेंगा और माठ चितावर में अलग-अलग जगहों से 100 पौवा देशी शराब व दो एक्टिवा जब्त



वहीं ग्राम मॉठ चितावर के पास 19 जून को अवैध शराब बिक्री करने हेतू परिवहन करते रंगे हाथ पकड़े गए। आर्यन पिता अशोक ढीढी उम्र 21 वर्ष साकिन मूरा,हरीश पिता लक्ष्मीनारायण सोनवानी उम्र 22 वर्ष साकिन मूरा थाना खरोरा जिला रायपुर को एक सफेद मटमैला रंग के प्लास्टिक बोरी मे 50 पौवा शोले ▶▶ शेष पेज 13 पर

# सार्वजनिक स्थल पर शराब सेवन करने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 21 जून को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले तथा सार्वजनिक स्थल पर बैठकर शराब पीने वाले कुल 08 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। पकड़े गए सभी 08 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

- एसपी भावना गुप्ता के निर्देशन में अवैध चखना सेंटर, ढाबा और ठेला संचालकों पर कार्रवाई तेज़

### आरोपियों के नाम

- सुरेश चेलक उम्र 23 साल निवासी ग्राम खिलोरा थाना हथबंद
- योगेश पलिया उम्र 20 साल निवासी ग्राम चिचपोल थाना कसडोल
- मुकेश वर्मा उम्र 25 साल निवासी ग्राम मोतीपुर थाना कसडोल
- हेमलाल साहू उम्र 34 साल निवासी ग्राम मोतीपुर थाना कसडोल
- सोमनाथ मारकण्डेय उम्र 58 साल निवासी ग्राम रोहांसी थाना पलारी
- राजेंद्र सोनवानी उम्र 55 साल निवासी ग्राम वटगन थाना पलारी
- गेंदराम टंडन उम्र 48 साल निवासी ग्राम वटगन थाना पलारी
- तीजराम वर्मा उम्र 46 साल निवासी ग्राम टीला थाना पलारी

कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की कार्रवाई

# खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने प्रशासन की टीम ने होटलों व ढाबों में दी दबिश, सैम्पल भेजे गए लैब


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार बारिश के मौसम में खाद्य जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों के होटल, ढाबों, होलसेलर, रिटेलर, मिठाई दुकानों में विधिक एवं सर्विलांस नमूना जांच की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार क़ो 5 प्रतिष्ठानों में दबिश देकर खाद्य पदार्थो की जांच की गई तथा सैम्पल लेकर जांच हेतु राज्य प्रयोगशाला एवं अन्य लैब भेजा गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि जांच टीम के द्वारा रवान में शुभम किराना से कुकीज़ एवं आटा सहित 5 खाद्य पदार्थो की जांच व सैम्पल ली गई। इसी तरह लवन में कृष्णा स्वीट्स से 2 प्रकार का यूज्ड कुकिंग ऑयल,भाटापारा में हुसैनी सेल्स से चाय पत्ती, ओट्स, बिस्किट्स, कॉर्न फ्लैक्स, गुरुनानक होटल से राइस कुक्ड, खाद्य तेल, चिकन करी, यूज्ड कुकिंग ऑयल,लाहौद में नॉन स्टॉप ढाबा से लाहौरी जीरा कोल्डड्रिंक, कॉपर वाटर ,छोले चना सैंपल लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला एवं अन्य लैब भेजा गया।

- कुकीज़, आटा, यूज्ड कुकिंग ऑयल, चिकन करी, कोल्डड्रिंक समेत कई खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने



## खबर संक्षेप



### बस्तर में 0.46 प्रतिशत पर सिमटा मलेरिया, 72 फीसदी की बड़ी गिरावट

रायपुर। कभी मलेरिया से मौत के लिए बदनाम रहे बस्तर में इसकी धनात्मक दर 0.46 प्रतिशत में सिमटकर रह गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोकथाम के लिए चलाए गए चरणबद्ध अभियान के बाद इसमें 72 प्रतिशत की ऐतिहासिक कमी दर्ज की गई है। राज्य शासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बस्तर संभाग में मलेरिया धनात्मक दर 4.60 प्रतिशत से घटकर मात्र 0.46 प्रतिशत रह गई है। वहीं वर्ष 2015 की तुलना में वर्ष 2024 में मलेरिया के मामलों में 72 प्रतिशत की गिरावट आई है। राज्य का वार्षिक परजीवी सूचकांक (एपीआई) वर्ष 2015 में 5.21 था, जो घटकर 2024 में 0.98 हो गया है। बस्तर संभाग का एपीआई इसी अवधि में 27.4 से घटकर 7.11 तक पहुंचा है। 2023 की तुलना में 2024 में मलेरिया प्रकरणों में 8.52 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर कहा कि मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान हमारी सरकार की जन-केंद्रित सोच और समर्पित स्वास्थ्य प्रयासों का परिणाम है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पूरे छत्तीसगढ़ को मलेरिया मुक्त बनाना है और इस दिशा में ठोस प्रयास लगातार जारी हैं। अभियान के तहत मच्छरदानी वितरण, घर-घर जाकर जांच, त्वरित उपचार, और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मलेरिया के प्रसार को नियंत्रित किया गया है। वर्ष 2024 में अभियान के 10वें और 11वें चरणों में विशेष निगरानी और उपचार कार्यों के चलते मलेरिया नियंत्रण को और बल मिला है।

### घटिया इंजेक्शन, अमानक दवाएं तो कहीं अस्पताल में पानी भरा

रायपुर। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने प्रदेश की खस्ताहाल स्वास्थ्य व्यवस्था और भाजपा सरकार के आम जनता स के स्वास्थ्य के प्रति गैरजिम्मेदार रवैये पर कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को चौपट कर दिया है। प्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अंबेडकर अस्पताल में टूटी हुई हड्डियों, दुर्घटनाओं में फ्रैक्चर, गंभीर चोटों और कैंसर के रोगियों को सर्जरी के लिए एक या दो दिन नहीं, बल्कि 15 से 20 दिन तक इंतजार करना पड़ता है। कई बार मरीजों को ऑपरेशन थियेटर में ले जाने के बाद वापस लाया जाता है। इससे गंभीर रोगियों की जान का जोखिम बढ़ जाता है। इसी मामले में मई 2025 में बिलासपुर हाईकोर्ट ने प्रदेश की राजधानी रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में फैली अव्यवस्थाओं पर संज्ञान लिया था। मरीजों को हो रही परेशानी को मीडिया रिपोर्ट के माध्यम से संज्ञान लेकर स्वास्थ्य सचिव से कोर्ट ने जवाब मांगा था। जिस पर अब तक सरकार द्वारा जवाब पेश नहीं किया जा सका। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने बताया कि अस्पतालों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है ताजा मामला चिरमिरी का है, जहां स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से जिला अस्पताल में बारिश का पानी भर गया बावजूद अस्पताल प्रबंधन छत से बारिश के पानी को घुसने से रोकने को लेकर कोई प्रयास नहीं कर रहा है।

### युक्तियुक्तकरण में नियमों की धज्जियां उड़ा रहे अधिकारी

रायपुर। कांग्रेस नेता अजय साहू ने युक्तियुक्तकरण में नियमों की धज्जियां उड़ा रहे अधिकारियों पर तंज कसते हुए कहा कि जो विभाग स्वयं मुख्यमंत्री सम्हाल रहे हैं उस विभाग के अधिकारियों द्वारा युक्तियुक्तकरण में नियमों की अवहेलना करना सरकार की कमजोरी को दिखाता है। श्री साहू ने कहा कि रायपुर नगर की ही बात करें तो कई शिक्षक जो ग्रामीण अंचलों में पदस्थ थे तथा जिन्होंने शहर की शालाओं में अपना अटैचमेंट करवा लिया था वे आज भी पहुना बनकर बैठे हुए हैं। वहीं कई शिक्षकों का स्थानांतरण युक्तियुक्तकरण के तहत शहर से बाहर हुआ है, वे अब तक कार्यमुक्त नहीं हुए हैं, जबकि उनका युक्तियुक्तकरण का आदेश निकले सप्ताह ही नहीं, पूरा पखवाड़ा बीत गया है। शिक्षा विभाग की ऐसी लाचारी पहली बार देखने को मिल रही है।

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में 25 जून को कांग्रेस करेगी डीईओ कार्यालय का घेराव

## युक्तियुक्तकरण में विसंगतियों से शिक्षा हुई बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि, शिक्षा न्याय यात्रा के जिला प्रभारी एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा ने आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित बैठक को कांग्रेस भवन में संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा न्याय यात्रा के तहत पूरे जिले के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जाकर सभी ब्लॉक अध्यक्षों के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के नेतृत्व में कांग्रेस के साथियों के साथ जोरदार घेराव कर युक्तिकरण नीति को समाप्त करने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया था। इसी कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए 25 जून को जिला शिक्षा कार्यालय का घेराव जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में किया जायेगा। इस घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने सभी कांग्रेस के पदाधिकारी, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल, इंटक सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष के समय हमारी एकता और संगठन क्षमता की पहचान हमारे कार्यों में सभी कांग्रेस जनों की भागीदारी होने से होती है। ब्लॉक अध्यक्ष सभी संगठन के अध्यक्षों और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपकर अपनी सक्रियता और कार्यक्षमता का परिचय दें इस महत्वपूर्ण घेराव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सभी विंग के कार्यकर्ताओं को शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील सभी कांग्रेस जनों से की।इस जिला स्तरीय घेराव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़, जिला प्रभारी अशोक राज आहूजा, जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।



### ये रहे उपस्थित

बैठक में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष अरुण यादव, प्रदेश प्रतिनिधि सतीश अग्रवाल, ईश्वर सिंह ठाकुर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, पूर्व सदस्य सिंधी अकादमी रोशन हबलानी, पूर्व श्रम मंडल सदस्य आलोक मिश्रा पार्षद अजय ठाकुर,चंद्रकांत खूंटे,पूर्व महामंत्री संतोष सोनी, युवा नेता पप्पू चौहान, पूर्व पार्षद नानू सोनी, राजेंद्र वर्मा, संजय बघेल, पिंटू रजक, युवा नेता मनमोहन कुर्रे, एनएसयूआई अध्यक्ष हरीश लहरें, धनंजय महिलांग, मनहरन वर्मा, शिव प्रसाद यदु, गिरिराज चावड़ा, सहित अनेक कांग्रेस जन उपस्थित थे। सभी ब्लॉक के कांग्रेस जन दोपहर 12 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित होकर पदयात्रा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करने कुच करेंगे।

## कर्मचारियों के दस्तावेजों की डिजी लॉकर एप के माध्यम से जांच कर रहा विभाग

# लालपुर शराब दुकान में मिलावटी-बगैर होलोग्राम शराब बेचने की घटना के बाद जागा विभाग

## दर्जनों दुकानों में जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के लालपुर शासकीय शराब दुकान में मिलावटी और बगैर होलोग्राम के शराब बेचे जाने का भंडाफोड़ होने के बाद आबकारी विभाग की राज्य, जिला एवं उड़नदस्ता की संयुक्त टीम ने जिले में संचालित लगभग सभी बड़ी शराब दुकानों का औचक निरीक्षण किया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इस निरीक्षण में कहीं भी अनियमितता या किसी प्रकार की मिलावटी या अवैध शराब बिक्री का कोई प्रकरण नहीं मिला, वहीं लालपुर शराब दुकान में जाली दस्तावेज देकर सुपरवाइजर की नौकरी पाने के मामले को भी विभाग ने गंभीरता से लिया है। इसके बाद से प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से नौकरी पाने वाले सभी कर्मचारियों के दस्तावेजों की ऑनलाइन डिजी लॉकर एप के माध्यम से जांच की जा रही हैं।

आबकारी विभाग की संभागीय उड़नदस्ता टीम ने लालपुर शराब दुकान में छापा मारकर यहां से तीन सौ से ज्यादा मिलावटी तथा बगैर होलोग्राम शराब बरामद की थी। इस कार्रवाई के दौरान तीन सेल्समैन को गिरफ्तार किया था, वहीं शासकीय दुकान में अवैध एवं मिलावटी शराब बेचने का काम करने वाला मुख्य आरोपी सुपरवाइजर चेनदास बंजारे जो शेखर नाम से फर्जी आईडी दिखाकर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से नौकरी कर रहा था, विभाग की पड़ताल में पता चला कि जिस आधार नाम के दस्तावेज से वह नौकरी पर लगा था, वह उसके भाई का है, जो पहले ही शराब दुकान में गड़बड़ी करने के मामले में ब्लैक लिस्टेड है। चेनदास अभी तक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।


प्लेसमेंट एजेंसी बीआईएएस की भूमिका संदिग्ध, ऑडिट में 12 लाख रुपए कम पाए गए
शराब में मिलावट का खेल, 299 पेटियां जब्त
बगैर मिलीभगत के संभव नहीं
पैसे लेकर भर्ती करने का आरोप
हरिभूमि फॉलोअप
फर्जी दस्तावेज के आधार पर नौकरी करने का आरोप
इन दुकानों में भी फर्जीवाड़ा करने का आरोप

### नुकसान की भरपाई सिक्योरिटी एजेंसी करेगी

लालपुर शराब दुकान में बगैर होलोग्राम शराब एवं मिलावटी शराब बिक्री के कारण जो भी नुकसान विभाग को हुआ है, उसकी भरपाई सिक्योरिटी एजेंसी बीआईएस करेगी। इसके लिए विभाग ने एजेंसी को नोटिस भी जारी किया है।

### सभी कर्मचारियों के दस्तावेजों की जांच की जा रही

प्लेसमेंट के तहत दुकानों में लगे सभी कर्मचारियों की दोबारा जांच कराई जा रही है। इसके लिए डिजी लॉकर एप के माध्यम से जांच कराई जा रही है।
- रामकृष्ण मिश्रा
उपायुक्त, आबकारी रायपुर

### प्लेसमेंट एजेंसी एवं क्षेत्र के अधिकारी भी संदेह के दायरे में

इधर लालपुर शराब दुकान में बगैर होलोग्राम एवं मिलावटी शराब मिलने का मामला जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में उठ चुका है। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने इस मामले में उच्च स्तरीय कमेटी बनाकर जांच कराए जाने की मांग की है। इस मामले में उनका कहना है कि जाली दस्तावेज के आधार पर कई महीनों से सुपरवाइजर के पद पर आरोपी काम कर रहा था। इसकी जानकारी प्लेसमेंट एजेंसी के साथ विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों को भी होगी। उन्होंने आशंका जताई है कि इस अवैध एवं मिलावटी शराब के कारोबार में इन लोगों की संलिप्तता भी हो सकती है, इसलिए इसकी उच्च स्तरीय कमेटी के माध्यम से जांच करानी चाहिए।

# शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर राजधानी में प्रदर्शन पुलिस ने बस में ठूंसकर तूता धरनास्थल भेजा

- प्रदेश में 20 हजार व्यायाम शिक्षक के पद खाली, 6 साल से भर्ती नहीं
- कटोरातालाब से तेलीबांधा चौक तक रैली निकालने जुटे अभ्यर्थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ, छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड बीएड संघ, ग्रंथपाल और कला संकाय के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने शनिवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर राजधानी में प्रदर्शन किया। शासन का ध्यान आकर्षित कराने कटोरातालाब से तेलीबांधा चौक तक रैली निकालने से पहले युवाओं को पुलिस ने रास्ते में ही रोक दिया। प्रदर्शनकारियों के विरोध के बाद भी पुलिस ने उन्हें बसों में ठूंसकर तूता धरना स्थल पहुंचाया। प्रदर्शनकारियों का कहना है प्रदेशभर में 20 हजार व्यायाम शिक्षक के पदखाली पड़े हैं, जिसे पिछले 6 साल से नहीं भरा गया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन पर मनमानी करने का आरोप लगाया है।

कटोरा तालाब से तेलीबांधा मरीन ड्राइव तक रैली निकालने शनिवार की दोपहर बड़ी संख्या में प्रशिक्षित बेरोजगार राजधानी पहुंचे। रैली में छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ के अध्यक्ष हेमंत सार्वा ने कहा कि चुनाव से पहले भाजपा ने अपने घोषणापत्र में 57 हजार शिक्षकों की भर्ती और नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रत्येक शासकीय विद्यालयों में व्यायाम शिक्षा को विषय के रूप में अनिवार्य किया है, लेकिन अब तक भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। इससे प्रदेशभर के प्रशिक्षित युवाओं में आक्रोश व्याप्त है। आगामी शिक्षक भर्ती के विरोध में प्रदर्शन करने एकजुट हुए हैं। हमारा ये कहना है कि 5 हजार शिक्षक भर्ती की जगह पूर्व घोषणा अनुसार शिक्षक के 57 हजार पदों पर भर्ती की जाये। एक अरसे से प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती नहीं किये जाने से बड़ी संख्या में प्रशिक्षित युवा बेरोजगार हैं।

पिछले 2 साल से सरकार को लगातार ज्ञापन के माध्यम से व्यायाम शिक्षकों की कमी से खेल व खिलाड़ियों की खराब दशा बताने के बाद भी इस पर संज्ञान नहीं लिया गया। इस ओर जल्द ध्यान दिया जाये।

### प्रमुख मांगें

- आगामी 5 हजार शिक्षक भर्ती का विरोध, पूर्व घोषणा अनुसार शिक्षक के 57 हजार पदों पर भर्ती की जाये।
- प्रदेश में 20 हजार व्यायाम शिक्षक के खाली पदों को शीघ्र भरने की मांग।
- उच्च और उच्चतर विद्यालयों में 2023 के आंकड़े अनुसार 948 रिक्त पद और 150 अतिशेष पद व्यायाम शिक्षक के खाली हैं, उन पर भर्ती की कार्यवाही हो।
- वर्तमान में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर व्यायाम शिक्षा विषय पढ़ाने के लिए सहायक शिक्षकों को दिए जा रहे ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम को तत्काल प्रभाव से बंद कराने की मांग।

# संतोषी नगर चौक से माता कौशल्या विहार चौक तक हटाया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 6 और जोन 10 की टीम ने मुख्यालय उड़नदस्ता के साथ शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। संतोषी नगर चौक के कौशिल्या विहार चौक तक अवैध रूप से लगाये जा रहे ठेले, गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की इसके साथ ही कौशिल्या विहार गेट पर अवैध सब्जी दुकानों को हटाया गया। शहरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा देने निगम अमले ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव और जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे के मार्गदर्शन में संतोषी नगर चौक से कौशिल्या विहार चौक तक मुख्य में सुव्यवस्थित यातायात कायम करने अवैध चिकन-मटन दुकान, अवैध बोर्ड, ठेले, गुमटी,अवैध शेड को हटाने जेसीबी मशीन की सहायता ली गयी। तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान स्थल पर पुलिस बल की मौजूदगी रही।

# हंसिया से पत्नी पर ताबड़तोड़ वार, घटना का वीडियो वायरल

राजातालाब में किराए का मकान लेकर झाड़ू-पोंछा का काम करती है महिला

## हंसिया के वार से दूधमुंहे बच्चे को भी जख्म आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पति से अलग रहने वाली पत्नी पर हंसिया से ताबड़तोड़ वार करने का एक सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जिसमें आरोपी युवक घर के बाहर दूधमुंहे बच्चे के साथ खड़ी महिला पर हंसिया से अंधाधुंध वार कर घायल कर देता है। हंसिया के वार से बच्चे को भी जख्म आए हैं। महिला की शिकायत पर सिविल लाइंस थाने की पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

राजातालाब में किराए के मकान में रहने वाली चेतनी परमार ने अपने पति मंदिर हसौद निवासी युगांधर परमार के खिलाफ जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि पति द्वारा आए दिन विवाद तथा मारपीट करने से परेशान होकर वह राजातालाब में किराए का मकान लेकर अलग रहती है। आजिविका चलाने महिला लोगों के घरों में झाड़ू-पोंछा का काम करती है।




### घर चलने से इंकार करने पर हमला

महिला के अनुसार शनिवार को वह राजातालाब के पास एक सायकल दुकान में झाड़ू-पोंछा करने के बाद एक घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान युगांधर ने अपनी पत्नी को अपने साथ मंदिर हसौद चलने के लिए कहा। महिला के इनकार करने पर युगांधर ने पहले अपनी पत्नी की हाथ-मुक्के से पिटाई की। इतने में उसका मन नहीं भरा, तो वह अपने साथ छिपाकर लाए हंसिया से अपनी पत्नी की पीठ, पैर में वार करने लगा। इस दौरान महिला अपने पति के हमले से बचने की कोशिश करती रही। बचने की कोशिश में महिला के गोद में बच्चे को भी जख्म आए हैं।

# आंबेडकर अस्पताल में चोरी का लाइव वीडियो चोर 40 हजार कैश सहित तीन मोबाइल ले उड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में कथित तौर पर सिक्यूरिटी की सख्त व्यवस्था की गई है। अस्पताल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निजी कंपनी को सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। धरातल पर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। यही कारण है, अस्पताल में मरीजों के साथ आए अटेंडर का कैश के साथ मोबाइल तथा अन्य सामान चोरी होना आम बात है। ऐसा ही एक मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है, जो मरीज के साथ आए अटेंडर के बिस्तर के नीचे रखे लेडीस बैग जिसमें 40 हजार रुपए नकदी तथा तीन मोबाइल थे, बड़े ही इत्मीनान से चोरी कर ले जाते दिख रहा है। पीड़ित ने मौदहापारा थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सक्ती, डभरा निवासी केवल साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। केवल ने पुलिस को बताया है कि उसने अपने एक रिश्तेदार को इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल में 18 जून को भर्ती कराया है, जिसका उपचार जारी है। शुक्रवार देर रात पौने दो बजे के करीब एक चोर आया और आईसीयू मेडिसिन के बाहर सो रहे अटेंडर का बैग तथा मोबाइल चोरी कर ले गया। चोरी करने के बाद चोर बैग से पैसे तथा मोबाइल निकालकर बैग को अस्पताल परिसर की एक बेंच में छोड़कर चला गया। सीसीटीवी फूटेज सामने आने के बाद भी पुलिस अब तक चोर की पतासाजी नहीं कर पाई है। साथ ही अस्पताल में सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही सिक्यूरिटी एजेंसी की कार्यप्रणाली पर भी सवालियान निशान लग रहे हैं।



## परिवहन विभाग ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई करने की तैयारी में जुटा

# पुरानी गाड़ियों में एचएसआरपी लगवाने लोगों में रुचि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- साढ़े 52 लाख पुरानी गाड़ियों में से महज तीन लाख वाहन में लगे हैं एचएसआरपी

राज्य में हाई सिक्यूरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम कछुवे की गति से चल रहा है। इसी बीच शुक्रवार को मंत्रालय में परिवहन विभाग के सचिव सह परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश की अध्यक्षता में परिवहन विभाग के अफसरों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अप्रैल 2019 के पूर्व जिन वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगाए गए हैं, उन वाहन मालिकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर चालानी कार्रवाई करने की योजना बनाई गई है। बैठक में एचएसआरपी लगाने वाली अनुबंधित कंपनी के अधिकारी भी शामिल हुए।

प्रदेश में सभी वाहन चालकों को अपनी गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाना अनिवार्य है। इसके लिए परिवहन विभाग की ओर से जिला मुख्यालयों सहित तहसीलों में शिविर लगाए जा रहे हैं। वहां जाकर वाहन चालक अपनी गाड़ी में एचएसआरपी के लिए आवेदन कर सकता है।

आवेदन के एक पखवाड़े के भीतर पुरानी गाड़ियों में एचएसआरपी लगाने की समय सीमा निर्धारित की गई है। तय समय सीमा के बाद भी पुराने वाहन में अनुबंधित कंपनी एचएसआरपी नहीं लगा पा रही है। जिन लोगों के पास अप्रैल 2019 के पूर्व पुरानी गाड़ियां हैं, उनमें से महज 12 प्रतिशत लोगों ने एचएसआरपी लगवाने आवेदन किया है, उस स्थिति में अनुबंधित कंपनी एचएसआरपी लगाने में तेजी नहीं ला पा रही है। ऐसे में परिवहन विभाग द्वारा चालानी कार्रवाई से लोगों को बेवजह परेशानी का सामना करना पड़ेगा।



### मैन पावर के साथ मशीन की संख्या कम

एचएसआरपी लगाने वाले अनुबंधित कंपनी के पास एचएसआरपी बनाने जितनी संख्या में मशीन की आवश्यकता है, उस लिहाज से मशीन की संख्या कम होने के साथ मैन पावर की कमी है। परिवहन विभाग के अफसरों को वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने से पूर्व एचएसआरपी लगाने वाले अनुबंधित कंपनी पर नकेल कसने की जरूरत है।

### प्राप्त आवेदन के आधे में लगा पाए एचएसआरपी

अप्रैल 2019 के पूर्व राज्य में 52 लाख 48 हजार 476 पंजीकृत वाहन हैं। एचएसआरपी लगवाने अब तक साढ़े छह लाख लोगों ने आवेदन किया है। आवेदन के आधार पर अब तक तीन लाख वाहन में एचएसआरपी लग पाया है। विभागीय अधिकारी पेट्रोल पंप सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों में लोगों को एचएसआरपी लगवाने प्रेरित करने जनजागरूकता अभियान चलाने की बात कह रहे हैं।

# 84 हजार मीट्रिक टन धान की कमी, कई सोसाइटियों में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025 के धान संग्रहण केंद्रो से 84 हजार मीट्रिक टन की कमी पाई गई है। पिछले साल समर्थन मूल्य में खरीदे धान का मार्कफेड द्वारा मिलान कराया जा रहा है। मिलान में कई सोसाइटियों में गड़बड़ी की पुष्टि हुई है। छत्तीसगढ़ में 2038 प्राथमिक शाख समितियां कार्यरत हैं, जिसके अंतर्गत 2739 धान संग्रहण केंद्र संचालित है। वर्ष 2024-25 में प्रदेशभर के 25 लाख 49 हजार 592 किसानों से 149 लाख टन धान की खरीदी की गई थी। धान के उठाव के लिए 72 घंटे का समय तय है, लेकिन इस बार खरीदी केंद्रों में धान का उठाव समय पर नहीं हो पाया था। उपार्जन केंद्रों में सूखत, धान के शार्टेज और कई समितियों में धान के गायब होने की शिकायतें भी आई है। मार्कफेड द्वारा धान के स्टॉक में कमी पाए जाने के बाद अब समिति प्रबंधकों की जिम्मेदारी तय की जा रही है। जिन उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव करने के दौरान कमी पाई गई है, उन पर सीधे एफआईआर करने के निर्देश दिए गए हैं।



## खबर संक्षेप



### हाइवे में पलटा 108 एंबुलेंस, सवार 9 लोगों में दो की हालत गंभीर

**महासमुंद।** सरायपाली के झिलमिला ग्राम से मरीज को लेकर रायपुर जा रही एंबुलेंस दुर्घटना का शिकार हो गई। शनिवार रात कोडार जलाशय के पास स्थित काष्टागार के पास हुए इस हादसे में वाहन में सवार 9 लोगों को चोटें आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार वाहन अचानक किसी मवेशी को बचाने के फेर में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद 112 पुलिस वाहन की सहायता से सभी घायलों को महासमुंद जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां घायलों का इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। वाहन में सद्दाम हुसैन (35 वर्ष), कुसमुन (30 वर्ष), साजिया, शामिया (3 वर्ष), हुसैन (25 वर्ष), जासमीन (20 वर्ष) नवजात शिशु, चालक सचिन पटेल, चिकित्सक डॉ. ओमप्रकाश सवार थे। घटना को लेकर प्रशासन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। पता लगाया जाएगा कि दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार, तकनीकी खराबी या लापरवाही तो नहीं है।

### पिता-पुत्र से मारपीट, चार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना के वार्ड नं. 2 में पिता-पुत्र के साथ मारपीट करने के आरोप में चार लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है । पुलिस को प्रार्थी संजय कुमार साहू ने बताया कि 20 जून की शाम करीबन 7 बजे उसकी पत्नी मालती साहू ने फोन कर बताया कि मोहल्ले के 01. कमलेश उर्फ बबलू सोनवानी पिता विजय सोनवानी, पप्पू सोनवानी पिता विजय सोनवानी, राहुल सोनवानी, गोलू र्फ चंदन बसना के द्वारा एक राय होकर गाली गलौज किया जा रहा है। घर पहुंचकर उसने देखा कि आरोपी उसके पुत्र करन साहू के साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर रहे थे। बीच बचाव करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के अंतर्गत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### जेल में हुई युवक की मौत मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से 14 दिन में मांगा जवाब

**महासमुंद।** जिला जेल में हुए एक आदिवासी युवक के मौत पर परिजनों के द्वारा दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए सरकार जवाब मांगा है। बता दें कि जिला जेल में आदिवासी युवक की संदिग्ध मौत पर सख्ती दिखाई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में गला दबाने और शरीर पर 35 जख्मों के निशान का जिक्र है। डिवीजन बेंच ने जनहित याचिका की सुनवाई के बाद सरकार से 14 दिन में जवाब मांगा है। जनहित याचिका के मुताबिक मृतक का नाम नीरज भोई है, जो जिले के ग्राम पिपरौद का रहने वाला था। नीरज को 12 अगस्त 2024 को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जेल ले जाते वक्त मेडिकल टेस्ट कराया गया। युवक को डिप्रेशन और शराब का आदी बताया गया था। जनहित याचिका के मुताबिक जेल ले जाते वक्त शरीर में किसी तरह के जख्म के निशान नहीं थे, लेकिन 15 अगस्त की सुबह नीरज को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया। युवक की मौत को लेकर परिजनों ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की।

## निधन

### समयलाल जायसवाल

**भवानीपुर।** समयलाल जायसवाल उम्र 82 ग्राम दतरेंगी निवासी का



आकस्मिक निधन हो गया वह गांव के प्रतिष्ठित व्यक्ति थे इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया जिसमें आसपास के ग्रामीण उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए वह साहिन बाई के पति और दिनेश कुमार, मनोज कुमार जयसवाल के पिता थे ।

## दिवस : योग हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा

# योगाभ्यास को जिंदगी में नियमित रूप से शामिल करें, निरोगी काया और मानसिक शांति मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव





नगर पंचायत के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी-हिंदी माध्यम प्रेम भुवन प्रताप सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महाविद्यालय भटगांव, मंडी परीसर न्यायालय परीसर, कैरियर पॉइंट नेशनल स्कूल, प्रज्ञा इंस्टिट्यूट एवं जेपी पब्लिक स्कूल बेलटिकरी में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बड़े ही उत्साह से मनाया ।

सेजेस प्रेम भुवन प्रताप सिंह शासकीय स्कूल में कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धन्वंतरी की पूजा कर किया गया। योग शिक्षक लक्ष्मण नामदेव ने सभी को योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेश रघु ने बताया कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित कराकर 21 जून 2015 को पूरे विश्व में योग दिवस मनाया गया। तब से योग दिवस मनाया जा रहा है। योग सभी को करना चाहिए इससे मन शांत रहता है शरीर स्वस्थ रहता है निरोग रहने का सर्वोत्तम उपाय है, हमें नियमित रूप से योग करना चाहिए। वहीं कार्यक्रम मे स्कूल के प्रभारी प्राचार्य हलधर आदित्य ने सभी शिक्षक व बच्चों को योग व प्राणायाम का महत्व बताया। सभी को प्रतिदिन योग प्राणायाम करने की सलाह दिए और इसका लाभ लेने को कहा। कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं क्लास 1 से 12 वीं तक के अधिकांश बच्चों ने हिस्सा लेते हुए योग दिवस को बड़े ही धूमधाम से मनाया । वहीं करियर पांइट स्कूल मे स्कूल के डायरेक्टर नरेश चौहान ने बच्चों को योग व प्राणायाम कराये तो प्रज्ञा इंस्टिट्यूट मे संचालक के. पी. पटेल व सह संचालक प्रमोदिनी पटेल ने योग प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया । ग्राम पंचायत बेलटिकरी मे संचालित जे. पी. पब्लिक स्कूल के योग अभ्यास मे सैकड़ों की संख्या मे बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और योग दिवस को धूमधाम से मनाया। स्कूल के समस्त छात्र व छात्राएं स्कूल के डायरेक्टर संतराम जायसवाल, प्राचार्य बी के. जायसवाल सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे । योग ने विगत 10 वर्षों में न केवल भारत में बल्कि विश्व भर में लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इस वर्ष की थीम योग, एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य, केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य की नहीं बल्कि मानवता, पर्यावरण और वैश्विक कल्याण की एकता की भावना को भी प्रकट करती है। योग हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है जो शरीर एवं मनको संतुलित कर एक समग्र और शांतिपूर्ण जीवन की दिशा में मार्गदर्शन करता है। शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त नागरिक राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका निभाते हैं इस तरह योग एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत के हमारे राष्ट्रीय संकल्पों को भी मजबूती प्रदान करता है।

## एबीसी पब्लिक स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**खरोरा ।** योग वैदिक समय से हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। योग की महिमा ऐसी है,की ये ना केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी दुरूस्त करता है। करे योग, रहे निरोग इसी को ध्यान में रखते हुए 21 जून 2025 को हमारे एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 5वी से कक्षा 10 वी तक के छात्र /छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

- वैदिक काल से जीवन का हिस्सा रहा योग, छात्र-छात्राओं ने किया योगाभ्यास

मंच से योग प्रदर्शन कराने वाले भोजराज साहू का साथ कु.उर्मी ,लावण्या, मोक्षिता ने दिया। इनके मार्गदर्शन के माध्यम से अन्य बच्चों ने योगा किया। योगा के विभिन्न आयामों को सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक किया। इसमें सूर्य नमस्कार मुख्य था।

स्कूल के प्राचार्य धर्मेंद प्रताप सिंह ने इस आयोजन के सफल संचालन के लिए सभी



छात्र/छात्राओं, समस्त शिक्षक, व अन्य स्टॉप को बधाई व धन्यवाद प्रेषित किए। साथ ही यह भी कहा कि योगा को 1 दिन के लिए नहीं बल्कि स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन हमको योगा का अभ्यास करते रहना चाहिए। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर व सीईओ सर ने भी सभी को योगा दिवस की शुभकामनाएं दी।

### नवीन पाठशाला खरोरा में बच्चों ने किया योगाभ्यास

**खरोरा ।** विश्व योग दिवस पर पीएम श्रीनवीन प्रा.शाला खरोरा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पालकगण शिक्षक-शिक्षिकायों, मध्यान भोजन समूह के सदस्य तथा शाला के बच्चों के साथ योग-प्रशिक्षक सुनील पटेल के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम को संचालित किया गया। योग शिक्षक सुनील पटेल ने उपस्थित बच्चों पालकगण एवं शिक्षका शिक्षिकाओं को योग के महत्व को विस्तार से से समझाया गया। अंत में संस्था प्रमुख इन्द्राणी वर्मा द्वारा आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## हर्षोल्लास से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**सुहेला।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्थानीय पीएम श्री स्कूल, सेजेस-सुहेला में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नवीन प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला (हिंदी माध्यम), एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः योगासन सत्र से हुई, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, गणमान्य जन, प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्थानीय व्यवसायियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों को योग के नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया गया।

## खरोरा में उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**खरोरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला असौंदा संकुल केंद्र असौंदा विकासखंड तिल्दा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, तथा लोगों को योग के प्रति जागरूक कर संदेश दिया गया कि करें योग, रहे निरोग शाला परिसर में छात्र-छात्राओं ,शिक्षकों पालको, ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से योग किया। योग को लेकर गांव के लोगों में खूब उत्साह दिखा । इस मौके पर शिक्षक डागेश्वर प्रसाद वर्मा ने बताया कि योगासन मात्र व्यायाम नहीं है, बल्कि स्वयं के साथ विश्व और प्रकृति के साथ एकत्र खोजने

- शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला असौंदा में योग सेहत और जागरूकता का संदेश



का भाव है ।

योग हमारे जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरूकता उत्पन्न करता है। संस्था के प्रधान पाठक नेवारण दास गायकवाड़ ने बताया कि योग से मनुष्य निरोग रह सकता है स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है । रमेश कुमार वर्मा प्रधान पाठक ने कहा कि व्यायाम एवं योग शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है । रोज सुबह व्यायाम करने से शरीर बलवान बनता है और कार्य करने की क्षमता बढ़ती है । ग्राम पंचायत असौदा के सरपंच जितेन्द्र चंद्राकर ने बताया कि योग की नियमित इस अभ्यास से शरीर तंदुरुस्त और मन प्रसन्न रहता है । व्यायाम के माध्यम से लोग न केवल शारीरिक एवं मानसिक क्षमता भी बढ़ा सकते हैं । योग में अनु विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, वृक्षासन, ताड़ासन जैसे योगा कराया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक नेवारण दास गायकवाड, राजेश कुमार बंजारे, संकुल समन्वयक ,डागेश्वर प्रसाद वर्मा, नीलिमा सावर गांवकर, मनोज कुमार चेलक, राम गुलाल दीवान, सोहनलाल चन्द्रा कर , पुरुषोत्तम टंडन, राम अवतार वर्मा, देवनारायण वर्मा राजकुमार वर्मा एवं गणमान्य नागरिकगण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, शिक्षाविद्, स्काउट गाइड के छात्र छात्राएं विशेष रूप से उपस्थित थे।

### योगा शिविर का आयोजन

**बगबुडा।** योग संगम के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कानाकोट संकुल धमनी विकासखंड पलारी में सुबह 7 बजे से 8 बजे तक योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमें शाला के शिक्षक कान्हा साहू द्वारा विभिन्न योगासन,



प्राणायाम, कपाल भाती, भ्रामरी, ताड़ासन अन्य योग अभ्यास को बच्चों और पालकों पंचायत सदस्यों को करवाया गया और नियमित योग करने से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी देकर सभी को नियमित योग करने के लिए संकल्प दिलाया गया। इस दौरान ग्राम सरपंच प्रतिनिधि लल्लन बांधे, शाला की शिक्षिका सुनीता साहू, रोजगार सहायक चुम्मन बांधे, शिक्षाविद अंगदराम ध्रुव, पालकों में भूपेंद्र बांधे,जयराम घृतलहरें, आत्मादास बांधे,हरीश ,प्रदीप, चांद सायतोड़े संतोषी भारती, मीना,भगवती बांधे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पार्वती ध्रुव, सहायिका श्याम कुंवर और अन्य पालकों ने सहभागिता निभाई।

### योगाभ्यास के बाद लगाया गया एक पेड़ मां के नाम

**खरोरा ।** शा.पू.मा. शाला,बिठिया में सूक्ष्म व्यायाम के साथ योगाभ्यास सुबह 7 से 8 बजे के मध्य कराया गया। तत्पश्चात एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया। योगाभ्यास युक्तियुक्त करण में आए गणित शिक्षक नीलकण्ठ वर्मा द्वारा प्रधान पाठक अरुणा तिवारी की उपस्थिति में कराया गया। तत्पश्चात ग्राम-पंचायत सरपंच दुष्यंत साहू एवं सभी पंचगण और सचिव के साथ समस्त शिक्षकों ने मिलकर एक पेड़ माँ के नाम लगाया। इस अवसर पर शिक्षक राम जी वर्मा, खिलेश्वर प्रसाद साहू, ममता जोशी, प्राथमिक प्रधान पाठक होमनलाल वर्मा, सहायक शिक्षक कृष्ण कुमार शर्मा, सभी छात्र-छात्राएँ एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।







## पीएम श्री सेजेस स्कूल सरसींवा में मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

# वन अर्थ, वन हेल्थ' थीम पर योग संगम हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

पीएम श्री सेजेस स्कूल सरसीवां में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इस वर्ष की थीम वन अर्थ वन हेल्थ पर आधारित योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष गुलेचन बंजारे, नगर पंचायत अधिकारी ललित कुमार साहू, तहसीलदार आयुष तिवारी, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष अलगराम साहू, जिला पंचायत सदस्य शिवकुमार साहू की उस्थिति में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। प्राचार्य बीएल कुर्रे ने योग दिवस के प्रारंभ और महत्ता को बताते हुए उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। सीएमओ ने योग का जीवन में महत्व को बताते हुए लोगों योग करने की सलाह दी। अध्यक्ष अलगराम साहू ने कहा एक दिन के लिए नहीं बल्कि हर दिन योग कर अपने जीवन को स्वस्थ और सुंदर बनाएँ। तत्पश्चात शासन द्वारा योग संगम के लिए जारी प्रोटोकॉल अनुसार योग प्रशिक्षक अश्विनी कुमार ने संगीत की मधुर ध्वनि के साथ योग कराया। कार्यक्रम के दौरान सोमेश बंजारे, अनिल साहू, नारायण साहू, श्याम साहू, देवेश साहू, मयंक अग्रवाल, टेसकुमारी, व्याख्याता आर के नायक, यु के जांगड़े, एफआर भारद्वाज, मनीषा यादव, जे पी रात्रे, प्रफुल साहू, रसिया भोई सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



